हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 06 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षा को समावेशी बनाने के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की हैं। राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थी उन्होंने कहा की नई शिक्षा निति में कौशल विकास पर विशेष बल दिया गया है,जिससे बच्चो का सर्वांगीण विकास होगा। इस समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

****

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल शिक्षक दिवस के अवसर पर मीरपुर के इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पदक व उपाधि प्रधान की और उन्हें गुरू के महत्व से अवगत करवाया।
उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस हमें याद दिलाता है कि जीवन में शिक्षक का क्या महत्व है। शिक्षक न केवल हमें पढ़ाते हैं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। एक अच्छा शिक्षक अपने छात्रों में न केवल ज्ञान का बीज बोता है, बल्कि उन्हें जीवन के हर पहलू में सफल बनने के लिए तैयार करता है। इसलिए जीवन में शिक्षा और शिक्षक दोनों का ही महत्व है।दीक्षांत समारोह में 08 शोधकर्ताओं को पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई और 97 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक दिए गए । इसके अतिरिक्त 1000 स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियां भी प्रदान की गई।
****

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए व्यापक

कदम उठाए हैं।एक अंतर-राज्यीय समन्वय बैठक में भाग लेने के बाद, डॉ. प्रसाद ने बताया कि प्रदेश भर में 341 उड़न दस्ते और 125 स्थैतिक निगरानी टीमें तैनात की गई हैं, जो अन्य राज्यों की सीमा से सटे जिलों की निगरानी करेंगी। इसके अतिरिक्त, सीमा पार वाजाही की निगरानी के लिए 124 अंतर-राज्यीय नाके लगाए गए हैं। इसके साथ ही, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य अवैध सामान की वाजाही को नियंत्रित करने के लिए भी 90 अंतरराज्यीय नाके स्थापित किए गए हैं।डॉ. प्रसाद ने बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद से, हरियाणा पुलिस ने 96 बिना लाइसेंस वाले हथियार और 113 कारतूस जब्त किए हैं। इस वर्ष कुल 1,795 बिना लाइसेंस वाले हथियार और 2,383 कारतूस जब्त किए गए हैं।

****

जींद जिले के निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि योग द्वारा जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र जुलाना, सफीदों, जींद, उचाना तथा नरवाना के लिए भारतीय राजस्व के अधिकारी चाँद बाशा को खर्च पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के दौरान निर्वाचन योग द्वारा निर्धारित की गई राशि से ज्यादा किये जाने वाले खर्च की निगरानी करेंगे । खर्च पर्यवेक्षक लोक निर्माण जींद के लोक निर्माण विश्रम गृह के नए भवन में उपस्थित रहेंगे।उपायुक्त ने कहा कि यदि जनसाधारण को प्रत्याशियों द्वारा किये जाने वाले चुनावी खर्च से सम्बंधित कोई भी शिकायत हो तो उनसे मोबाइल नंबर 98668-43940 पर संपर्क कर सकतें है।

****

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के भानू, स्थित प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र में कल 768 गैर सामान्य ड्यूटी महिला एवं पुरुष जवानो के दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह का योजन किया गया।इस अवसर पर अपर महानिदेशक संजीव रैना ने परेड से सलामी ली । भव्य परेड के बाद इन नव रक्षियों ने राष्ट्रीय ध्वज एवं बल के निशान के तले अपने-अपने धर्म ग्रन्थों को साक्षी मानकर शपथ ली।

****

पेरिस परालंपिक में कपिल परमार ने कल पुरुषों की जे-1 जूडो स्पर्धा के 60 किलोग्राम वर्ग में ब्राजील के एलील्टन डी.ओलिवेरा को हराकर कांस्य पदक जीता। यह जूडो में भारत का पहला पदक है। पैरालिंपिक खेलों के 9वें दिन □ ज भारतीय एथलीट, एथलेटिक्स और भारोतोलन में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए मैदान में उतरेंगे। भारोतोलन में, कस्तूरी राजमणि महिलाओं के 67 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में चुनौती पेश करेंगी। वहीं, एथलेटिक्स में, प्रवीण कुमार पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धाओं में दावेदारी पेश करेंगे। दीपेश कुमार भी पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में उतरेंगे।कपिल परमार के ऐतिहासिक कांस्य से भारत 5 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 25 पदक जीत चुका है। भारत पदक तालिका में 16वें स्थान पर है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कपिल परमार को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि कपिल ने कई बाधाओं को पार करते हुए पैरालंपिक में पदक जीत कर इतिहास रच दिया है।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह उनके मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कपिल ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक पदक जीता है।